हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

14 12 करोड़ की विकास योजनाओं का पूर्व ...



14 'शेर पे सवार होके आ जा शेरांवालिए पर झूमे ...



## खबर संक्षेप

### यात्री से दस रुपये अतिरिक्त वसूलने पर 5,000 का जुर्माना ठोका

**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से खाने-पीने की चीजों पर एमआरपी से अधिक पैसे वसूलने का नया मामला सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म र मिली एक शिकायत के बाद रेलवे प्रशासन ने जांच की तो स्टाल संचालक की चोरी पकड़ी गई। मामला 21 मार्च का है जब ऋतिक दहिया नामक एक यात्री ने ट्विटर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी कि प्लेटफॉर्म संख्या 6/7 पर स्थित मैसर्स श्री श्याम जी फूड सर्विसेज (स्टाल नंबर 12) के वेंडर द्वारा ओवरचार्जिंग की जा रही है। शिकायतकर्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया था कि उसने क्या खरीदा और उससे कितने अतिरिक्त पैसे लिए गए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने 10 रुपये अतिरिक्त वसूलने पर संबंधित एजेंसी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। शिकायत की पुष्टि के लिए उप-स्टेशन अधीक्षक ने नई दिल्ली जा रहे एक यात्री राजन कुमार को अनुरोध कर डमी ग्राहक के रूप में उक्त स्टाल पर भेजा। यहां वेंडर धीरेंद्र कुमार ने यात्री को कोका-कोला की एक बोतल दी और उसके 50 रुपये वसूले।

### बुजुर्ग व्यक्ति ने फंदा लगा की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में बुजुर्ग व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त खेत में कोई मौजूद नहीं था। शाम को खेत का मालिक मौके पर पहुंचा, तो उसने मामले की सूचना परिवार तक पहुंचाई। परिवार ने बुजुर्ग को नीचे उतार कर प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 60 वर्षीय बाल मुकुंद पुत्र मामराज निवासी स्योंसर गांव के रूप में हुई। बाल मुकुंद मेहनत-मजदूरी का काम करता था।

### चाकू दिखाकर व्यक्ति से लूटी नकदी व मोबाइल

**यमुनानगर।** तारापुरी क्षेत्र में बदमाशों ने एक व्यक्ति को चाकू का डर दिखाकर 11 हजार आठ सौ रुपये व मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के वार्ड नंबर 18 की गली नंबर तीन निवासी बेचू गुप्ता ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 25 मार्च को तड़के चार बजे सब्जी मंडी में जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे दो युवक मिले। आरोपियों ने उसे रोक लिया और जेब से चाकू निकालकर उससे 11 हजार आठ सौ रुपये व मोबाइल लूट लिया।

### चोरों ने सूने घर से चुराए लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** चोरों ने दिन दहाड़े गांव फिरोजपुर राइयां में सूने घर में घुसकर साढ़े 10 लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व कपड़े

**यमुनानगर।** शहर की इंडस्ट्रियल एरिया निवासी सरोज देवी ने बताया कि 23 मार्च की रात को चोरों ने उसके घर में घुसकर तीन बैग चोरी कर लिए। एक बैग में दस्तावेज और किताबें थी। दूसरे बैग में 15 हजार रुपये की नकदी तथा तीसरे बैग में कपड़े रखे हुए थे। सुबह जब उसकी आंख खुली तो उसे घर से तीनों बैग गायब मिले। उसने बैग चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम की कार्रवाई, देहरादून व ददलाना से धरपकड़

# रिफाइनरी से कॉपर केबल चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने पूछताछ में कबूला जुर्म, तीन जेल भेजे गए, तीन को पुलिस रिमांड पर लेकर कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रिफाइनरी में कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम परिसर से कॉपर केबल चोरी करने वाले गिरोह के 6 आरोपियों को एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव टाबर मस्त सहारनपुर यूपी निवासी बलराम उर्फ बल्लू और करनाल के ददलाना गांव निवासी मनीष, अजय, सागर, दलीप व संजय के रूप में हुई है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पानीपत रिफाइनरी में काम कर रही मेसर्स थिसेनक्रुप उहडे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जरनल मेनेजर अशोक ने थाना सदर में पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी रिफाइनरी में पी 25 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। कंपनी का साइट के पास ही सामान रखने के लिए गोदाम है। गत 22 अक्टूबर 2025 को गोदाम इंचार्ज ने परिसर में रखे सामान की जांच की तो कॉपर केबल चोरी होनी पाई गई। थाना सदर में मैनेजर अशोक की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।



**पानीपत।** रिफाइनरी में कॉपर चोरी के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### चोरी की कॉपर केबल बरामद का प्रयास होगा

एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम की सक्रियता के चलते रिफाइनरी क्षेत्र में कॉपर केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। सब इंस्पेक्टर राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उत्तराखंड के देहरादून से मुख्य आरोपी बलराम उर्फ बल्लू पुत्र अनुज, निवासी टाबर मस्त (सहारनपुर, यूपी) को काबू किया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी बलराम ने खुलासा किया कि उसने करनाल के ददलाना गांव निवासी अपने पांच साथियों मनीष, अजय, सागर, दलीप और संजय के साथ मिलकर रिफाइनरी में कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम परिसर से कॉपर केबल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस खुलासे के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार शाम को ददलाना गांव में दबिश देकर बाकी पांचों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गुरुवार को सभी छह आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी सागर, संजय और अजय को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए, जबकि मुख्य आरोपी बलराम उर्फ बल्लू, मनीष और दलीप को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।जांच अधिकारी के अनुसार, रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि चोरी में इस्तेमाल किए गए तरीकों, गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और चोरी की गई कॉपर केबल के ठिकाने के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी की गई केबल बरामद कर ली जाएगी और मामले में आगे की कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

### पानीपतः मकान से 1.5 लाख की चोरी

**पानीपत।** विकास नगर इलाके में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहां किराये के मकान में रहने वाले एक युवक के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी समेत करीब डेढ़ लाख रुपये के कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से पुनिया जमालपुर जिला सहारनपुर का रहने वाला है। निवासी ओमबीर पुत्र हरिपाल वर्तमान में पानीपत के विकास नगर में युधिष्ठिर नामक व्यक्ति के मकान में किराए पर रहते हैं और प्राइवेट नौकरी करते हैं। ओमबीर के अनुसार उन्होंने अपनी मजदूरी के बचाए हुए 65 हजार रुपए कमरे में रखे थे। गत 25 मार्च की सुबह वह कमरे पर ताला लगाकर काम पर चले गए थे। शाम को जब काम से वापस लौटे तो उन्हें कमरे का ताला टूटा मिला और अलमारी में रखे 65 हजार रुपए नकद, उनकी पत्नी के सोने के कुंडल, मंगलसूत्र और चांदी की पाजेब गायब थे। चोरी हुए कुल सामान और नकदी की कीमत डेढ लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।



---

इंजेक्शन से आत्महत्या करने वाली महिला चिकित्सक के मामले में एचओडी पर केस

# वॉयस रिकॉर्डिंग में फेल करने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देहरादून में इंजेक्शन से आत्महत्या करने वाली डॉ. तनवी का वीरवार को अंबाला शहर के रामबाग में परिवार ने नम आंखों से अंतिम संस्कार किया। उधर इस मामले में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई है। परिजनों के मुताबिक उनकी बेटी चार महीने से परेशान चल रही थी। उसने अपनी हेड ऑफ द डिपार्टमेंट से हुई बातचीत की एक वॉयस रिकॉर्डिंग परिवार को भेजी थी। मरने से पहले डॉ. तनवी ने पिता ललित मोहन को फोन पर कहा था बहुत परेशान हो गई हूं। अब रिकॉर्डिंग दिखानी ही पड़ेगी। करीब आधे घंटे की यह ऑडियो पिता को भी भेजी थी, जिसे अब ललित मोहन ने मीडिया के साथ शेयर किया। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. मोहन ने बताया कि इसी साल जुलाई में बेटी के फाइनल एग्जाम थे। उसकी मास्टर ऑफ सर्जरी की डिग्री पूरी हो जाती। पहली से लेकर एमबीबीएस तक उसकी बेटी टॉपर रही। 25 साल की उम्र में एमएस हो जाती। दूसरी ओर देहरादून पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार श्री गुरु राम राय मेडिकल कॉलेज की नेत्र विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. प्रियंका गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### पिता से 1 घंटे तक बात की

ललित मोहन ने बताया कि 24 मार्च को करीब 9 बजे तनवी की देहरादून से कॉल आई थी। बेटी उदास लग रही थी। करीब 1 घंटा बात की। पापा अब सहन नहीं हो रहा। परेशान हूं। वो रिकॉर्डिंग अब मैनेजमेंट के सामने रखनी ही पड़ेगी। फिर मैंने कहा ओके, मैं कल आता हूं। फिर मैनेजमेंट के सामने बात रखेंगे। पिता ने बताया कि उसकी पत्नी तनवी के साथ ही देहरादून में रह रही थी। बेटी की पढ़ाई पूरी हो जाए पूरा परिवार यही सपना देख रहा था। पत्नी का रात को फोन आया था। उसने बताया कि तनवी शाम को करीब 4 बजे निकली। खाना भी खाकर नहीं गई। आमतौर पर तनवी मां को फोन करती थी। ऐसे में मैसेज आने से मां की चिंता बढ़ गई। उन्होंने पति (ललित मोहन) को फोन करके ये बात बताई। इस पर ललित मोहन ने कहा कि मैं अंबाला से देहरादून के लिए निकल रहा हूं।



डॉ. तनवी

पिता बोले एचओडी बदलते ही बेटी की शुरू हो गई थी परेशानी

#### हाथ पर कैनुला लगा था

तनवी के पिता ने बताया कि अंधेरा होने की वजह से मोबाइल की टॉर्च ऑन कर कार में झांका। अंदर बेटी ड्राइविंग सीट पर बेसुध थी। हाथ पर कैनुला लगा था। करीब 100 एमएल की बोतल लगी थी जो खाली हो चुकी थी।

---

कुरुक्षेत्र के झांसा में सरकारी अस्पताल के पास हादसा

# कुत्तों के हमले से 50 से ज्यादा भेड़ों की मौत, नहर में बहा झुंड

- चरवाहे को लाखों का नुकसान आर्थिक सहायता की मांग, घायल भेड़ों के बचने की उम्मीद कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

झांसा में सरकारी अस्पताल के पास कुत्तों के झुंड ने भेड़ों के एक बड़े झुंड पर रात में हमला कर दिया। इस हमले में 25 भेड़ें मौके पर ही मर गईं, जबकि डर के मारे 25 से 30 भेड़ें पास की सतलुज-यमुना लिंक नहर में कूदकर बह गईं। कुल मिलाकर चरवाहे के 50 से ज्यादा भेड़ें मर गईं, जिससे करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हो गया। सलपानी कलां गांव के रहने वाले कुलदीप ने बताया कि करीब 10 महीने पहले उसने ब्याज पर पैसे लेकर कैथल और झांसा से 70 भेड़ खरीदी थी। वे रोज अपनी भेड़ों को आसपास के गांवों में चराने ले जाते हैं। कल भी वे झांसा और शांति नगर (कुरड़ी) गांव में भेड़ चराकर लौट रहे थे। उसके साथ उसका चचेर भाई बीरा राम और साथी बलदेव और मनीष भी थे। उनके पास कल 300 से ज्यादा भेड़ थी। कल ज्यादा रात होने की वजह से वे नहर के किनारे रुक गए और वहीं ठहरने का फैसला किया। वे चारों रात भर बारी-बारी से भेड़ों की निगरानी कर रहे थे। रात करीब 2 बजे अचानक 10-12 कुत्तों ने भेड़ों पर हमला करने की कोशिश की, उस वक्त वे जाग रहे थे, तो कुत्तों को भगा दिया। आधे घंटे बाद कुत्तों का झुंड दोबारा लौट आया और भेड़ों पर हमला कर दिया, लेकिन उस समय तक थकने की वजह से सो चुके थे। कुत्तों के डर से भेड़ भागने लगी। इस दौरान कई भेड़ नहर में गिरकर बह गईं। सुबह करीब 4 बजे उनकी आंख खुली, तो देखा भेड़ें मरी पड़ी थी। कुत्तों का झुंडा आसपास की हड्डा रोड पर रहता है। यहां ये कुत्ते मरे हुए पशुओं का मांस खाते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** नुकसान की जानकारी देते चरवाहे। फोटो : हरिभूमि

### बस चालक ने बाइकर्स को मारी टक्कर, मौत

- सुल्तानपुर चौक पर हादसा

**अंबाला।** अंबाला शहर के सुल्तानपुर चौक पर दोपहर सड़क हादसा हो गया। हरियाणा रोडवेज की तेज रफ्तार बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग बड़ी घेल के बलबीर कुमार (65) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी ललिता गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बड़ी घेल के बलबीर कुमार (65) अपनी पत्नी ललिता के साथ बाइक पर रायपुररानी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि उनके छोटे बेटे सुमेश की एक माह पहले ही शादी हुई थी और वे बहू के मायके जा रहे थे। सुल्तानपुर चौक पार कर रहे थे, तभी चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। राहगीरों ने तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया। बलबीर कुमार का बड़ा बेटा मनीष अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया।

---

# तस्करों से खैर की लकड़ी बरामद

- आरोपी मौके से फरार चार खैर तस्करों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वन विभाग की टीम ने गांव बीड़ ताहरपुर क्षेत्र से खैर तस्करों की गाड़ी से खैर के 45 टुकड़े बरामद किए। आरोपी खैर तस्कर जंगल से लकड़ी को काटकर बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। टीम को देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलसिया रेंज के वन राजिक अधिकारी बलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 मार्च को शाम छह बजे वह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि बीड़ ताहरपुर क्षेत्र से कुछ खैर तस्कर जंगल से खैर की लकड़ी काटकर उसे बेचने के लिए लेकर जा रहे है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान टीम को एक गाड़ी आती दिखाई दी। टीम ने जब गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो गाड़ी में सवार चार लोग गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान गाड़ी से खैर के 45 टुकड़े बरामद हुए। जिनकी कीमत करीब 90 हजार रुपये है। उसने बताया कि फरार हुए खैर तस्करों की पहचान भूरा, राखी, शकील व निसार के रूप में हुई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली टक्कर में ट्रक चालक की मौत

- यमुनानगर-रादौर रोड पर हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर-रादौर रोड पर इंडियान ऑयल पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव मोहरा निवासी 31 वर्षीय रजत परमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यूपी के जिला सहारनपुर के गांव मोहरा निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा का लड़का रजत परमार ट्रक ड्रावइर था। उसे सूचना मिली कि थी कि रजत रात को ट्रक लेकर यमुनानगर की तरफ जा रहा था। देर रात जब वह रादौर-यमुनानगर रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी यमुनानगर की ओर से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए रजत के ट्रक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का कैबिन क्षतिग्रस्त हो गया और रजत को गंभीर चोटें आई। आरोपी चालक ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगिरों ने घायल रजत को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान रजत की मौत हो गई।

---

अब तक 90 से अधिक शोधपत्र कर चुके प्रकाशित

# संघनित पदार्थ भौतिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. स्मराजीत को मिलेगा राजीब गोयल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 3 अप्रैल 2026 को आयोजित किए जाने वाले प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कार समारोह में संघनित पदार्थ भौतिकी (कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स) के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय अनुसंधान योगदान के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, हैदराबाद प्रो. स्मराजीत कर्माकर को राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमेन प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि 45 वर्ष से कम आयु के चार प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत विजेताओं को पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह ने बताया कि प्रो. स्मराजीत कर्माकर का जन्म 22 जनवरी 1980 को हुआ। विश्व भारती विश्वविद्यालय से वर्ष 2001 में भौतिकी में बीएससी. प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु से एम.एस. (2004) और पीएच.डी. (2008) की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने इजराइल के वाइजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस तथा इटली के सापिएंजा यूनिवर्सिटी ऑफ रोम में पोस्टडॉक्टरल शोध कार्य भी किया। वर्तमान में वे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, हैदराबाद में प्रोफेसर एवं डीन के पद पर कार्यरत हैं। पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि प्रो. कर्माकर संघनित पदार्थ भौतिकी के एक अग्रणी वैज्ञानिक हैं, जिनका शोध मुख्य रूप से ग्लास ट्रांजिशन, अमोर्फस ठोस पदार्थों तथा एक्टिव मैटर की सूक्ष्म भौतिकी को समझने पर केंद्रित है।

#### उपलब्धियां और अंतरराष्ट्रीय सम्मान



उनके शोध ने धीमी गतिशीलता, डायनेमिकल हेटेरोजेनिटी तथा अव्यवस्थित प्रणालियों में यांत्रिक विफलता से जुड़े सार्वभौमिक सिद्धांतों को समझने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके शोधपत्र फिजिकल रिव्यू लैटर्स, प्रोसिडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी आफ सांइसिज जैसी कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। प्रो. कर्माकर अब तक 90 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित कर चुके हैं और विश्वभर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सिमुलेशन और सैद्धांतिक विश्लेषण पर आधारित शोध कर रहे हैं। उन्हें स्वर्ण जयंती फेलोशिप, अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट फेलोशिप तथा जेएसपीएस फेलोशिप जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं।

---

# हरियाणवी बोली की सुथरी बानगी का गजब उदाहरण है फिल्म 'बैंगण'

» ऐसे चरित्र की कहानी है जो अपने परिवार के सम्मान के लिए जीता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गुरुवार को हरियाणवी फिल्म बैंगण प्रदर्शित की गई। यह शब्द सुनने में जहां हास्यात्मकता का प्रतीक है लेकिन लगभग 90 मिनट की इस फिल्म में हरियाणवी लोकजीवन की पटकथा कंजूस व्यक्तित्व का परिचायक राधेश्याम (जगबीर राठी) के आसपास घूमती है। शुरू से लेकर आखिर तक राधेश्याम के माध्यम से एक ऐसे चरित्र की कहानी है जो अपने परिवार के सम्मान के लिए जीता है। हरियाणा के जाने-माने कलाकार जगबीर राठी ने राधेश्याम के रूप में संवेदनशीलता की चरम पराकाष्ठा के माध्यम से स्क्रीन पर बखूबी उतारा है। इस फिल्म में हरियाणवी बोलचाल में व्यवहारिक रूप से अनेक ऐसे शब्दों का प्रयोग लोक जीवन में करते हैं जो हास्यात्मक होते हैं लेकिन कई बार इस तरह के शब्द आदमी के जहन में इस गंभीरता से बैठ जाते हैं कि वह गंभीर मनोवैज्ञानिक बीमारी का रूप धारण कर लेते हैं। जैसा कि बैंगण फिल्म में किरदार निभाने वाले जगबीर राठी ने इस फिल्म में दिखाया है। शुरू से लेकर आखिर तक फिल्म निर्देशन की दृष्टि से पटकथा एवं संवाद की दृष्टि से रुचिकर है। कहीं पर भी फिल्म देखने में ऐसा नहीं लगता कि कोई दृश्य जबरदस्ती बनाया गया है।





**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया।

## खबर संक्षेप

### महाबीर मन्दिर में श्री राम कथा एवं सुंदरकांड पाठ 2 को



**तरावड़ी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर महावीर मंदिर डेयरी वाले में 2 अप्रैल दिन वीरवार को भव्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में श्री राम कथा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। महावीर मंदिर के प्रधान पार्षद सुरेंद्र खुराना ने बताया कि वीरवार को प्रातः दस बजे से श्री सुंदरकांड पाठ एवं राम कथा का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिस में आशीष सागर स्नेही बंधु वाले अपनी सुरीली आवाज से श्री राम जी के भजनों द्वारा अपनी हाजिरी भरेंगे। उन्होंने सभी राम भक्तों से अपील की कि वह इस कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ उठाएं।

### व्यक्ति से धोखाधड़ी कर हड़पे 3.62 लाख रुपये

**यमुनानगर।** शहर के तीर्थ नगर की टपरी निवासी गोविंद चौहान ने जिला करनाल के गांव सातड़ी निवासी सोनू कुमार पर धोखाधड़ी करके तीन लाख 62 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। सदर यमुनानगर थाना पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तीर्थ नगर टपरी निवासी गोविंद चौहान ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जिला करनाल के गांव सातड़ी निवासी सोनू कुमार के साथ जान पहचान दी। जून 2025 से अगस्त 2025 के बीच आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा कर उससे तीन लाख 62 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने पैसे वापस नहीं किए। जब उसने आरोपी से इस बारे में बात की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### गेहूं बेचते समय किसानों को नहीं होगी परेशानी

**यमुनानगर।** रबी सीजन की फसल खरीद प्रबंधों को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं खरीद से संबंधित सभी इंतजाम पूरे किए जाने व पेयजल और सफाई व्यवस्था को सुचारू किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक अप्रैल से प्रदेश में गेहूं की खरीद शुरू की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 में गेहूं की एमएसपी 2585 रुपये निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में किसानों को अपनी फसल बेचने में असुविधा न हो इसके लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। ताकि गेहूं खरीद कार्यों में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में पीने के पानी की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सडकों की मुरम्मत, बिजली का प्रबंध आदि मार्केट कमेटियों के सचिवों द्वारा किया जाएगा।

## मनोहर लाल ने दिशा बैठक में योजनाओं की समीक्षा की

# 11 विभागों की 23 योजनाओं पर चर्चा क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

मंत्री ने कहा, अधिकारी केवल आय-व्यय का डाटा प्रस्तुत करने के बजाय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें और समस्याओं के समाधान के लिए ठोस सुझाव दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल खट्टर ने लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में 11 विभागों की 23 योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल आय-व्यय का डाटा प्रस्तुत करने के बजाय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें और समस्याओं के समाधान के लिए ठोस सुझाव दें।

बैठक में गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, महापौर रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

#### वीटा बूथों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को अंतिम पायदान तक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने, उद्योग विभाग को स्वरोजगार के लिए जागरूकता कैंप लगाने और वीटा बूथों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

#### इंतकाल मामलों का शीघ्र निपटारा करें

स्वास्थ्य विभाग को एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज करने, राजस्व विभाग को इंतकाल मामलों का शीघ्र निपटारा करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को समय पर अनुदान देने के निर्देश दिए गए।

#### आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने पर जोर दिया

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान 'मेरी फसल, मेरा ब्योरा' पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने, किसानों को जागरूक करने तथा निर्धारित अवधि में सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसान मेले आयोजित कर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने पर जोर दिया गया।

#### स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल गांवों के सरपंच सम्मानित

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग में कलामपुरा, बेगमपुर और गढ़पुर खालसा गांव चयनित हुए। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इन ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रशंसा पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया और स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

## निगम ने दिखाई सख्ती

# सरकारी विभागों पर करोड़ों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

31 मार्च से पहले भुगतान न करने पर ब्याज और कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल ने सरकारी विभागों पर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर सख्त रुख अपनाया है। वित्त वर्ष 2025-26 समाप्त होने में मात्र छह दिन शेष हैं और अब तक करीब 29 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद कई सरकारी विभागों की ओर करोड़ों रुपये की राशि अभी भी बकाया है। इसी विषय को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय के सभागार में राज्य सरकार के 12 विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मामले को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में लें और जल्द से जल्द बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम द्वारा कई बार विभागों को पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद टैक्स जमा नहीं कराया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 31 मार्च से पहले बकाया राशि जमा नहीं की गई, तो अगले वित्त वर्ष में ब्याज सहित वसूली की जाएगी और आवश्यक होने पर संबंधित विभागों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग तुरंत अपने-अपने मुख्यालय से संपर्क कर बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही टैक्स जमा करवा देंगे।

#### 12 विभागों पर कुल 10,70,30,237 रुपये का बकाया

नगर निगम के अनुसार राज्य सरकार के 12 विभागों पर कुल 10,70,30,237 रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

**विभागवार बकाया**

| | |
|---|---|
| सिंचाई विभाग : | 3,91,98,227 रुपये |
| एचएसएएमबी : | 1,95,50,264 रुपये |
| पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) : | 89,59,078 रुपये |
| जन स्वास्थ्य विभाग : | 83,20,120 रुपये |
| वन विभाग : | 81,99,879 रुपये |
| स्पोर्ट्स विभाग : | 77,53,842 रुपये |
| जिला कोर्ट : | 57,58,150 रुपये |
| बीएसएनएल : | 53,48,685 रुपये |
| जिला परिषद : | 20,95,372 रुपये |
| यूएचबीवीएन : | 7,08,510 रुपये |
| एचएसवीपी : | 7,63,213 रुपये |
| सीटीएम/डीसी कार्यालय : | 3,74,889 रुपये |

#### ये रहे मौजूद

*बैठक में उप निगमायुक्त विनोद नेहरा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह तथा पूर्व सीएमजीजीए करण शर्मा उपस्थित रहे।*

### बिना अनुमति पेड़ काटने पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

- छूट प्राप्त प्रजातियों को छोड़ अन्य सभी पेड़ों की कटाई पर पूर्व स्वीकृति अनिवार्य

**करनाल।** वन मंडल अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), दिल्ली द्वारा वृक्षों की कटाई को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार अधिसूचित छूट प्राप्त श्रेणी में सफेदा, पॉपलर, बकैन, बांस, शहतूत, अमरूद और अलैन्थस प्रजातियों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वृक्षों को काटने से पहले वन मंडल अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति अन्य प्रजातियों के पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति या संस्थान नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध कटान करता पाया गया, तो एनजीटी के निर्देशानुसार काटे गए वृक्ष की कीमत के बराबर जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही प्रत्येक एक पेड़ के बदले तीन नए पौधे लगाना और उनकी पांच वर्षों तक देखरेख करना संबंधित व्यक्ति या संस्थान की जिम्मेदारी होगी। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और नियमों का पालन करें।



### जयभगवान गोयल बने प्रधान

**घरौंडा।** नई अनाज मंडी में कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद को लेकर जयभगवान गोयल की एक तरफा जीत हुई है। नई अनाज मंडी में पहली बार रिकॉर्ड कायम हुआ कि 117 वोटो से जयभगवान गोयल प्रधान विजय हुए हैं। जयभगवान गोयल को 218 वोट मिले जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधान सुखबीर संधू को 101 वोट मिले। जयभगवान गोयल के प्रधान बनने पर उसके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने फूलमालाओं से नवनिर्वाचित प्रधान का अभिनंदन किया। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है, लेकिन चुनाव मतदान में पुलिस बल तैनात किया गया था। नई अनाज मंडी प्रधान पद का चुनाव नई अनाज मंडी स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। चुनाव मैदान में दो प्रत्याशी जयभगवान गोयल व सुखबीर संधू चुनाव मैदान में थे। मतदान सुबह नौ बजे शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक चला। जिसमे 320 वोटो मे से 319 वोट पड़े। जिसमें 218 वोट जयभगवान गोयल व सुखबीर संधू को 101 वोट मिले। जयभगवान गोयल 117 वोटो से विजय घोषित कर दिया गया।

### बजाज धुनिवर्स का फिनाले 31 मार्च को वॉइस ऑफ द नेशन का होगा चयन

- 60 हजार प्रतिभागियों में से चुनी जाएगी सर्वश्रेष्ठ आवाज, शंकर-एहसान-लॉय देंगे मंच

**करनाल।** बजाज फिनसर्व के डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स का ग्रैंड फिनाले 31 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें देशभर से चुनी गई प्रतिभाओं में से वॉइस ऑफ द नेशन का चयन किया जाएगा। इस मौके पर प्रसिद्ध संगीतकार तिकड़ी शंकर-एहसान-लॉय मौजूद रहेगी। प्लेटफॉर्म पर देशभर से 60 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डिजिटल माध्यम के कारण छोटे शहरों और गांवों के कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। फिनाले में 10 फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड कार्ड प्रतिभागी लाइव प्रस्तुति देंगे। विजेता को जी म्यूजिक के साथ एल्बम बनाने और शंकर-एहसान-लॉय के साथ बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी तैयार करने का अवसर मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट मानव मियानवाल ने कहा कि ऐसे मंच नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मददगार हैं। शंकर महादेवन ने इसे देशभर की प्रतिभाओं को सामने लाने वाला मंच बताया, जबकि एहसान नूरानी और लॉय मेंडोंसा ने प्रतिभागियों के स्तर की सराहना की।

### अष्टमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**घरौंडा।** अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के मुख्य मार्गों से बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह पर स्वागत किया गया। बाद में शोभायात्रा देवी मंदिर में पहुंची, जहां पर मां महामाया बाला सुंदरी जी पर पंखा चढ़ाया गया। शहर में जगह जगह पर भंडारे भी लगाए गए। सात दिन नवरात्रों के बाद वीरवार को अष्टमी के पर्व पर घरों में कन्या पूजन किया गया। अष्टमी को लेकर नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी गुप्ता के निवास स्थान से शोभायात्रा शुरू की गई। शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व कन्या पूजन किया गया बाद में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंडी मनी राम, मुख्य बाजार, भीष्म मार्ग से होती हुई देवी मंदिर में पहुंची। जहां पर माता रानी को पंखा चढ़ाया गया। मंदिर में विराजमान आचार्य मणि प्रसाद गौतम जी महाराज ने बताया कि अष्टमी को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई थी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन करने के बाद पूजा अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। लाला सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि देवी मंदिर में चैत्र मास की अष्टमी को पंखा चढ़ाया जाता है। यह परंपरा बहुत पुरानी चली आ रही है। जिसके चलते वीरवार को अष्टमी पर देवी मंदिर में पंखा चढ़ाया गया। शहर के गणमान्य लोगो ने मंदिर मे पहुंचकर मां का आर्शीवाद प्राप्त किया।

## नशा मुक्ति पर हुआ जागरूकता सेमिनार, छात्राओं ने ली शपथ

करनाल में छात्राओं को दिया गया प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय, करनाल में यूथ रेड क्रॉस और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय फर्स्ट एड और डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार का ज्ञान जीवन रक्षक साबित होता है। उन्होंने छात्राओं को समाज सेवा और सहयोग की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, करनाल के जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी ने आपदा के समय सतर्कता और प्राथमिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण सत्र में फर्स्ट एड ट्रेनर श्वेता धीमान ने छात्राओं को सीपीआर, चोट, जलने और बेहोशी जैसी स्थितियों में तुरंत सहायता देने की व्यावहारिक जानकारी दी।

इसके साथ ही 'नशा मुक्ति' विषय पर आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## कन्या पूजन के दौरान दिखी जागरूकता

### तरावड़ी में महा अष्टमी व रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया

'बेटी बचाओ' अभियानों को मजबूती से आगे बढ़ाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। महाअष्टमी के पर्व पर परिवार के लोग कंजक पूजन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

शहर में आज महाअष्टमी एवं रामनवमी का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्या पूजन (कंजक) कर व्रत खोले और छोटी-छोटी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका आशीर्वाद लिया।

सुबह से ही शहर के विभिन्न मोहल्लों में धार्मिक माहौल देखने को मिला। घर-घर में कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें बैठाकर पूजन किया गया, भोजन करवाया गया और उपहार देकर विदा किया गया। हालांकि इस दौरान एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू भी सामने आया। कई स्थानों पर कन्याओं की कमी के कारण लोगों को उन्हें घर लाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। लोग गलियों में एक-दूसरे के घरों के बाहर कन्याओं के आने का इंतजार करते नजर आए।

इस स्थिति ने समाज को एक गंभीर संदेश दिया कि आज के समय में कन्याओं की संख्या में कमी एक चिंताजनक विषय बनती जा रही है। लोगों ने इस अवसर पर यह भी महसूस किया कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां समाज के लिए घातक हैं और इसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है।

शहर के बुद्धिजीवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मौके पर लोगों से आह्वान किया कि 'बेटी बचाओ' जैसे अभियानों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाए और कन्याओं के सम्मान व संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। उन्होंने कहा कि कन्या के बिना समाज अधूरा है और बेटियों का अस्तित्व ही मानव जीवन का आधार है। इस प्रकार धार्मिक आस्था के साथ-साथ यह पर्व समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देकर गया कि बेटियों का सम्मान और संरक्षण ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।



## श्री रामनवमी पर सकीर्तन व शोभायात्रा का आयोजन

**घरौंडा।** श्री रामलीला कमेटी के द्वारा श्री रामनवमी सकीर्तन व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, बुधबार की शाम को महाराजा अग्रसेन धर्मशाला के प्रांगण मे विभिन्न भजन कलाकारों के द्वारा श्री राम, श्री हनुमान, खाटू श्याम, माता व अन्य देवी देवताओं के सुंदर सुंदर भजनो से श्रद्धाओ को रिझाया. बाद मे भंडारे का आयोजन किया गया। वीरवार को नगरखेड़ा से बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। झाकियों में श्री राम जी, शिव भोले, गणेश, राधा कृष्णा की आकर्षन का केंद्र बनी हुई थी, श्री रामलीला के प्रधान मुनीष गुप्ता ने पत्रकारों को बताया की श्री राम नवमी सकीर्तन व शोभा यात्रा तीसरी बार निकाली गई है। राम भक्तों ने जगह-जगह यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यकर्म के मुख्य अतिथि सोनू राणा व समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता ने प्रभु श्री राम जी को तिलक लगाकर शोभायात्रा को रवाना किया। यात्रा में श्री बाला जी सुंदर कांड सभा द्वारा सुन्दर कांड पाठ किया। शोभायात्रा में श्री राम लीला कमेटी के प्रधान मुनीष गुप्ता, उपप्रधान सतीश रोहिला व सदस्य अश्वनी चौधरी, रामनिवास, सुनील कुछचल, रामरूप रोहिल्ला, कमल धीमान, रवि पांचाल गुप्ता, तुषार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### जियो फेंसिंग से बदलेगी खरीद व्यवस्था निगदू मंडी में नई प्रणाली लागू

- बैठक में व्यापारियों व किसानों को नियमों की दी जानकारी पारदर्शिता पर जोर

**निगदू।** मार्केट कमेटी निगदू के कार्यालय में चेयरमैन बलराज कारसा व वाइस चेयरमैन लाला श्रीचंद गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी खरीद सीजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्केट कमेटी के अधिकारी व मंडी के व्यापारी उपस्थित रहे। चेयरमैन बलराज कारसा ने व्यापारियों को बताया कि अब मंडी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे गेटपास काटना, फसल की नीलामी, खरीद और जे-फार्म की तैयारी केवल मंडी के नोटिफाइड एरिया के भीतर ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि जियो फेंसिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फसल का पूरा डेटा उसी स्थान से ऑनलाइन फीड हो जहां फसल मौजूद है। वाइस चेयरमैन लाला श्रीचंद गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल मंडी में अच्छी तरह सुखाकर लेकर आएं ताकि गेहूं की बिक्री में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि मंडी में प्रवेश के लिए ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट होना अनिवार्य है और बिना नंबर प्लेट के गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। गेट पर ही कर्मचारियों द्वारा ऐप के माध्यम से गेट पास जारी किए जाएंगे और मंडी परिसर में प्रवेश के बाद बायोमेट्रिक मशीन के जरिए उनका सत्यापन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, घोटालों पर रोक लगाना और पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान शमशेर सिंह आहूं, मंडी सचिव मनोज पराशर, रमेश पोसवाल, सुरेंद्र मैहला, राजबीर सागवाल, सुभाष चुचरा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र स्थित श्री गीता धाम में हुआ एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम

## पंकज गोयल परिवार ने धार्मिक सेवा का सराहनीय कार्य किया

पंकज गोयल ने माता जी की सेवा में एक गाड़ी भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। श्री गीता धाम मे गुरु मां को गाड़ी की चाबी सौंपते हुए पंकज गोयल, ममता गोयल एवं हर्ष गोयल। फोटो: हरिभूमि

दुर्गा महाअष्टमी एवं रामनवमी के पावन अवसर पर आज 521 बासमती चावल परिवार के चेयरमैन पंकज गोयल तरावड़ी द्वारा कुरुक्षेत्र स्थित श्री गीता धाम में एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वर्गीय लाला कश्मीरी लाल एवं स्वर्गीय सतपाल गोयल की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 521 बासमती चावल परिवार के चेयरमैन पंकज गोयल द्वारा माता जी की सेवा में एक गाड़ी भेंट की गई।

इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना कर गाड़ी को पुष्प अर्पित किए गए तथा प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेते हुए माता रानी और भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर पंकज गोयल ने कहा कि उनके परिवार की हमेशा से यही भावना रही है कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया जाए। उन्होंने कहा, हम समय-समय पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में हर संभव सहायता प्रदान करते रहते हैं और आगे भी समाज व धर्म की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर ममता गोयल एवं हर्ष गोयल मौजूद थे।

### दो अनाधिकृत कालोनियों के अवैध निर्माण पर चला डीटीपी का पीला पंजा

- गांव गौधली व चांदपुर में बिना अनुमति के विकसित की जा रही थी अनाधिकृत कालोनिया

**यमुनानगर।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने गांव गधौली व चांदपुर में बिना अनुमति के विकसित की जा रही अनाधिकृत दो कालोनियों में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन ने ध्वस्त कर दिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिले के गांव गधौली व चांदपुर में दो अनाधिकृत कालोनियां विकसित की जा रही हैं। उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार उन्होंने पशुपालन व दुग्ध उत्पादन विभाग कार्यालय के डॉ. शरद तंवर जो कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किए गए थे। उनके नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कॉलोनी में जिसका क्षेत्रफल लगभग 9 एकड़ में बनी सड़कों समेत अन्य अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

***कार्रवाई से पहले दिए गए थे नोटिस:*** जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 आफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बावजूद चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और भू.मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके कारण कालोनियों में अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### बजाज फिनसर्व धुनिवर्स 31 को वॉइस ऑफ नेशन का करेगा अनावरण

**पानीपत।** बजाज फिनसर्व ने आज अपने डिजिटल फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के भव्य समापन की घोषणा की। जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर एहसान लॉय की उपस्थिति में वॉइस ऑफ द नेशन का खिताब दिया जाएगा। विजेता को शंकर एहसान लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह.निर्माण करने और जी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट मानव मियानवाल ने कहा कि हमारे लिए यह जरूरी है कि हम ऐसे प्लेटफॉर्म्स में निवेश करें, जो संभावनाओं को पहचानें और नए रोल मॉडल तैयार करें। हम परफॉर्मिंग आर्ट्स, खेल, टेक्नोलॉजी और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखे हुए हैं और बजाज धुनिवर्स हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं में से एक है।

### कबूतरबाजी के आरोपी अभिषेक की तलाश में पुलिस


**पानीपत।** पानीपत में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जाटल रोड के एक युवक और उसके दो दोस्तों से अमेरिका भेजने के नाम पर 1 करोड़ 50 लाख रुपये की ठगी की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अमन निवासी कालखा गांव ने बताया कि गांव का अभिषेक उसका पुरानी दोस्त था। अभिषेक ने झांसा देकर उसे व दो अन्य दोस्त बजरंग और अक्षय को अमेरिका जाने को तैयार किया। अमन के अनुसार सौदे के तहत प्रति व्यक्ति 60 लाख रुपये तय हुए थे। तसल्ली करने के लिए जब वे अभिषेक के पिता राजेश से मिले, तो उन्होंने भी अपने बेटे की गारंटी ली। फरवरी 2026 में अमन और बजरंग ने जाटल रोड पर अभिषेक को 60 लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद कालखा गांव के एक स्कूल में अभिषेक और उसके पिता को 90 लाख रुपये और दिए गए। कुल मिलाकर तीनों दोस्तों ने आरोपियों को 1.50 करोड़ा रुपये सौंप दिए। आरोपियों ने एक सप्ताह में अमेरिका भेजने का वादा किया था, लेकिन समय बीतने के बाद वे टालमटोल करने लगे।

### गुप्ता इंटरनेशनल में आगजनी से लाखों रुपये का नुकसान

**पानीपत।** जिले के बापौली स्थित गुप्ता इंटरनेशनल फैक्ट्री में बीती देर रात भीषण आग लगने से फैक्ट्री में रखा भारी मात्रा में वेस्ट मैटीरियल और कीमती मशीनें जलकर खाक हो गई। हालांकि गनीमत रही कि इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की गंभीरता को देखते हुए अलग.अलग फायर स्टेशनों से कुल 9 गाड़ियों को बुलाया गया। प्रत्येक गाड़ी को पानी भरने के लिए कम से कम 10 बार चक्कर लगाने पड़े। फैक्ट्री संचालक के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है लेकिन फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में वेस्ट मैटीरियल, फैक्ट्री के भीतर खड़ी मशीनरी पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

## नूरवाला की श्री राम धर्मशाला में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# श्रीराम धर्मशाला में रामनवमी महोत्सव शुरू एक शाम रघुवर के नाम पर झूमे श्रद्धालु





**पानीपत।** श्रीराम धर्मशाला में रामनवमी महोत्सव में हवन में भाग लेते आयोजक व अतिथि व श्रीराम जी की पूजा करते आयोजक व अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

**श्री रामायण पाठ का शुभारंभ 10 बजे सागर गांधी द्वारा किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा 29वां रामनवमी महोत्सव आज 26 व कल 27 मार्च को मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज रतन 9 बजे भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण बिमला रानी एवं जगदीश लाल छोकरा द्वारा किया गया। जबकि श्री रामायण पाठ का शुभारंभ 10 बजे सागर गांधी द्वारा किया गया। नूरवाला की श्री राम धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के तहत आज है एक शाम रघुवर के नाम का भी आयोजन किया गया। जिसमें ज्योत प्रचण्ड प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा द्वारा की गई। जबकि अध्यक्षता समाजसेवी भीम सचदेवा ने की।

भारत भरत और पार्टी हांसी, वंदना अरोड़ा गांधी हिसार, मोनू दहिया हांसी, रवि म्यूजिकल गुरप हांसी द्वारा प्रसिद्ध संगीतकार पंडित आत्म प्रकाश वशिष्ट के सानिध्य में भगवान श्री राम का गुणगान किया जाएगा। सहयोगी संस्थाएं पानीपत सेवा मंडल एवं श्री आदर्श राम नाटक क्लब नूरवाला रहे। वहीं कल 27 मार्च को भये प्रगट कृपाला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें श्री राम बाल स्वरूप को झूला झूलाना तथा प्रातः 9 बजे हवन दोपहर 12 बजे श्री राम जन्म कथा की संगीतमय अमृत वर्षा शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा दीक्षा वधवा द्वारा की जाएगी।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर प्रधान हरबंस आनंद, महासचिव गौरव छोकरा, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल मोंगिया, सुंदर लाल वधवा, भूषण मदान, गुलशन आनंद, राकेश आंनद, सुभाष पुनानी, राजन छोकरा, डा.अनिल पाहवा, अविनाश ईशपुनानी, ब्रज भूषण ईशपुनानी, सौरव छोकरा, पुनीत छोकरा, पूर्ण भगत, रामसवरूप चावला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**पानीपत।** प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

**सभी प्राध्यापकों का धन्यवाद किया**

## आईबी कॉलेज में लगाई प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला

- इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को सृजनशील बनाती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की टैगोर समिति द्वारा प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह, टैगोर समिति की संयोजिका डॉ.नीलम, विभाग के सभी सदस्यों व मंच संचालिका टैगोर समिति की सदस्य बीए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय की छात्रा मानसी ने दीप प्रज्वलित किया।

प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला शोध और व्यावसायिक संदर्भों में रिपोर्ट लिखने के कौशल को निखारती है, जो करियर में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है और उन्होंने यह भी बताया कि आज के तकनीकी युग में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन की क्षमताओं का विकास करना है। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ.नीलम ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को सृजनशील बनाती हैं। अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका दीप्ति शर्मा ने प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह, विभागाध्यक्षा डॉ.नीलम और विभाग के सभी प्राध्यापकों का धन्यवाद किया।

**ये मौजूद रहे**

*इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार और हिंदी विभाग के सहायक प्रो.डॉ.जोगेश और अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।*

## नशा मुक्त अभियान पहुंचा सिवाह

- नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को कमजोर करता है
- नशे की पूर्ति के लिए व्यक्ति अक्सर चोरी, लूटपाट और घरेलू हिंसा जैसे अपराधों में संलिप्त हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने आज गांव सिवाह में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया।

अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशे की पूर्ति के लिए व्यक्ति अक्सर चोरी, लूटपाट और घरेलू हिंसा जैसे अपराधों में संलिप्त हो जाता है। इससे न केवल शरीर की हानि होती है बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवार बर्बाद हो जाता है।



**पानीपत।** सिवाह में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करती पुलिस टीम।

**नंबर 1933 पर या नजदीकी पुलिस थाना में दें सूचना**

उन्होंने बताया कि युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर या नजदीकी पुलिस थाना में दें।

## सॉन्ग महोत्सव 2026 का होगा मंचन

- चार दिवसीय हरियाणवी सॉन्ग महोत्सव 9 से 12 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 9 से 12 अप्रैल तक एसडी कॉलेज में कला उपासक चेला नैना महंत के सानिध्य में चार दिवसीय सॉन्ग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि सोनू भगाना एंड पार्टी तथा लड़कियों का सॉन्ग समीना दनोदा एंड पार्टी और सूर्य कवि दादा लख्मीचंद के सुपौत्र पंडित विष्णु दत्त कौशिक जी सांगो का मंचन करेंगे। अजीत सिंह अहलावत एवं प्रियंका अहलावत सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शिरकत करेंगे। संस्था की महिला संयोजिका सीमा हरियाणवीं ने बताया कि हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेंद्र फोगाट के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है।



**पानीपत।** जानकारी देते हुए दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

**सॉन्ग महोत्सव में ये मौजूद रहे**

महासचिव नरेंद्र गर्ग ने बताया कि सॉन्ग महोत्सव में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा तथा सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा, आरएसएस प्रांत प्रचारक राजेश गोयल व मेयर कोमल सैनी मुख्य अतिथि होंगे। भाजपा महिला जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, चौ. रणबीर सिंह, विश्वविद्यालय के कुल गुरु डॉ.आरपी सैनी, एसडी कॉलेज के प्रधान दिनेश समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## हर बेसहारा बच्चे तक हक की राशि पहुंचाना हमारा संकल्पः डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया किए जिले में बेसहारा बच्चों के लिए वित्तीय सहायता योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा इस योजना से वंचित न रहे। सरकार के इस योजना से बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा के अवसर मिलेंगे। यह योजना उनके जीवन में सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिला प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक लाभार्थी को समय पर सहायता मिले। सभी पात्र परिवारो आगे आकर इस योजना का लाभ उठाएं और अन्य जरूरतमंद बच्चों को भी इससे जोडऩे में सहयोग करें। जिले में वर्तमान में लगभग 12.020 लाभार्थी बच्चे इस योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। सरकार द्वारा अब बेसहारा बच्चों को मिलने वाली मासिक सहायता राशि 2100 रुपये से बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति बच्चा की हुई है। उपायुक्त ने अपील की है कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा इस योजना से वंचित न रहे। अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**जिले के 12.020 लाभार्थी बच्चे इस योजना के तहत पेंशन का ले रहे लाभ**



डीसी डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया।

## लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर ने चेतना कंप्यूटर सेंटर में भेंट किया कंप्यूटर

- कंप्यूटर लायन सुरेश गर्ग एवं संजय गुप्ता के सौजन्य से दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा आज काबड़ी रोड स्थित भारत नगर में चेतना कंप्यूटर सेंटर में एक कंप्यूटर भेंट किया गया। यह कंप्यूटर लायन सुरेश गर्ग एवं संजय गुप्ता के सौजन्य से दिया गया। लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पीएमसीसी विनय गर्ग बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता क्लब के प्रधान नितिन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में एमजेएफ रविंद्र जैन, सचिव प्रवीण गर्ग, दीपक गर्ग, चेतना स्कूल की टीचर किरण सैनी, सोमा, रूपा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




**पानीपत।** चेतना कंप्यूटर सेंटर में कंप्यूटर भेंट करते क्लब के पदाधिकारी।

**कंप्यूटर दिए जाने पर आभार जताया**

*विनय गर्ग एवं नितिन अग्रवाल ने कहा कि इस कंप्यूटर के माध्यम से बेटियों को कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान मिलेगा और वह इस प्रतियोगिता के युग में आगे बढ़ सकेंगी उन्होंने बताया कि क्लब जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करता रहेगा। भविष्य में भी इस प्रकार का क्रम जारी रहेगा। चेतना परिवार के संस्थापक दीपचंद निर्मोही ने लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा कंप्यूटर दिए जाने पर आभार जताया।*

## मेरठ में महाराजा सूरजमल की यूपी की सबसे विशाल प्रतिमा का होगा अनावरण : डॉ. नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद एक बार फिर इतिहास रचने जा रही है। समाज के महान नायक महाराजा सूरजमल जी की उत्तर प्रदेश की सबसे विशाल प्रतिमा का भव्य अनावरण 29 मार्च को मेरठ में किया जाएगा। यह पहल न केवल जाट समाज, बल्कि पूरे देश के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10 बजे किसान हितकारी इंटर कॉलेज, सकौती टांडा, मेरठ में आयोजित होगा। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जी की गाथाएं केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें जन.जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। यह प्रतिमा युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोडऩे का कार्य करेगी। डॉ.नवीन नैन भालसी ने समस्त समाज बंधुओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन के सहभागी बनें।

**कार्यक्रम प्रातः 10 बजे किसान हितकारी इंटर कॉलेज, सकौती टांडा, मेरठ में आयोजित होगा**



डॉ.नवीन नैन भालसी

**भक्ति** | श्रद्धालुओं ने देवी स्वरूप कंजकों की पूजा-अर्चना कर श्रद्धापूर्वक भोजन करवाया

# दुर्गा अष्टमी पर रही कंजक पूजन की धूम

- देवी मां से प्रार्थना की है कि उनके परिवार व समाज में हमेशा सुख-समृद्धि बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला भर में नवरात्रों के बाद मां दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने देवी स्वरूप कंजकों की पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर अपने एक सप्ताह रखे गए वृत खोलें तथा माता रानी से परिवार व समाज के लिए सुखसमृद्धि की कामना की। श्रद्धालु रेखा, ज्योति, सपना व पूजा ने बताया कि नवरात्रों में उन्होंने श्रद्धाभाव से देवी मां के व्रत रखे थे और आज दुर्गा अष्टमी के दिन देवी माता स्वरूप छोटी-छोटी कन्याओं के चरणों को पानी से धोकर उनकी पूजा-अर्चना कर उन्हें भोजन कराकर देवी मां से प्रार्थना की है कि उनके परिवार व समाज में हमेशा सुख-समृद्धि बनाए रखना। इसी के साथ उनके सात दिवसीय व्रत भी आज सम्पन्न हो गए।



**पानीपत।** इन्दिरा विहार कालोनी में कंजकों को भोजन कराते हुए रेखा रानी व ज्योति।

**मन्नत मांगी**

पिछले सात दिनों से शहर के प्राचीन श्री देवी मंदिर में सुबह-शाम लगने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ भी आज सबसे ज्यादा रही। आज देवी मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में ज्योत जलाकर व प्रसाद चढ़ा कर मन्नत मांगी।

## समालखा पहुंचे हाईकोर्ट जज ने आरटीआई एक्टिविस्ट के संघर्ष को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

- कई वकीलों ने कपूर को फोन पर व ऑफिस में आकर बधाई दी

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने पारदर्शिता जवाबदेही के लिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत ही सराहनीय संघर्ष किया है। पीपी कपूर के कारण मैं समालखा को जानता हूं। यह विचार पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस्ट विनोद एस भारद्वाज ने समालखा बार एसोसिएशन द्वारा उनके अभिनंदन समारोह में उपस्थित सभी वकीलों के समक्ष अपने संबोधन में व्यक्त किए। जस्टिस भारद्वाज बतौर इंस्पेक्टिंग जज यहां समालखा कोर्ट की इंस्पेक्शन करने पहुंचे थे। पानीपत और समालखा को मैं दो तरीके से जनता हूं। पानीपत में तो एक सीनियर एडवोकेट के बेटे के साथ मैने वकालत की। समालखा को पीपी कपूर की वजह से जानता हूं, जिन्होंने शासन, प्रशासन में पारदर्शिता जवाबदेही के लिए व भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का सराहनीय कार्य किया है। हार्डकोर्ट के जज के मुख से शहरवासी एक्टिविस्ट की सराहना सुन कर कई वकीलों ने कपूर को फोन पर व ऑफिस में आकर बधाई भी दी।



पीपी कपूर

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**नमिता सिंघल पत्नी स्व० श्री सलिल सिंघल निवासी मकान न0 97/2, कयस्तान मोहल्ला, नजदीक परमहंस कुटीया, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत।**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि नमिता सिंघल पत्नी स्व० श्री सलिल सिंघल ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि उपरोक्त जायदाद प्रार्थी के पति स्व० श्री सलिल सिंघल पुत्र श्री परलहाद सवरूप सिंघल की मृत्यु दिनांक 16. 11.2025 को, हो चुकी है। मृतक स्व० श्री सलिल सिंघल पुत्र श्री परलहाद सवरूप सिंघल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं।

1. नमिता सिंघल विधवा / पत्नी स्व० श्री सलिल सिंघल
2. नीलमनी सिंघल पुत्री स्व० श्री सलिल सिंघल
3. गुंजन बर्मन राव पुत्री स्व० श्री सलिल सिंघल
4. सलोनी सिंघल पुत्री स्व० श्री सलिल सिंघल

इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हक दार नहीं है। इन वारसान की तसदीक नगर निगम पार्षद नवल जिन्दल वार्ड न० 09, पानीपत की रिपोर्ट 11.12.2025 व हल्का पटवारी सुभाष की रिपोर्ट दिनांक 05.01.2026 के अनुसार हो चुकी है। मृतक बरूए रजि० न0 4911 दिनांक 26.06.2024 कार्यालय सब रजि० साहब के द्वारा दर्ज है। उक्त रजि० 80 वर्गगज की है

इनके इलावा मृतक स्व० श्री सलिल सिंघल पुत्र श्री परलहाद सवरूप सिंघल का कोई अन्य वारिस / उत्तरधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को हम इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तरधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर-2, स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त/सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोप में अस्पताल कर्मचारी काबू

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल के एक कर्मचारी पर युवती ने दुष्कर्म व शादी का झांसा देने का आरोप लगाया है। पीड़िता इस संबंध में मॉडल टाउन चौकी में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह डेढ़ महीने से आरोपी उसे शादी का झांसा दे रहा था। जब बार बार आरोपी शादी की बाद टालने लगा तो आखिरकार युवती ने परेशान होकर पुलिस को शिकायत दे दी। बताया जाता है कि युवती प्रेमनगर की रहने वाली है। मॉडल चौकी प्रभारी अमन राणा ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### चितकारा यूनिवर्सिटी के छात्र पर जानलेवा हमला

**अंबाला।** रंजिश को लेकर चितकारा यूनिवर्सिटी के छात्र वंश पर 10-12 युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने छात्र की कार के आगे एक्टिवा गिराकर उसे रोका और फिर तलवारों व चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। लहूलुहान हालत में छात्र को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो नामजद सहित 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सार्थक, संयम लंबा और उनके 10-12 अज्ञात साथियों ने ने हमला कर दिया। छात्र के सिर, छाती और घुटनों पर गंभीर चोटें आईं। फिर उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 अप्रैल को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लवित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में आगामी 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, और पेंशन मामलों का निपटारा होगा।

### ट्राली चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना मुलाना में दर्ज ट्राली चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ कुरूक्षेत्र में भी चोरी से कई मामले दर्ज हैं। गांव बिजंलपुर के गौरव ने 12 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी ट्राली चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा संपत्ति जब्त कर ली है।

---

### 12 करोड़ की विकास योजनाओं का पूर्व राज्यमंत्री ने किया शिलन्यास

# बरसाती सीजन से पहले होगा शहर में पानी निकासी की समस्या का समाधान : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने वीरवार को शहर के विभिन्न वार्डों के तहत करोड़ों रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन कर लोगों को सौगात देने का काम किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने पूर्व राज्यमंत्री का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को अष्टमी व राम नवमी की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियां आएं, सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर नगर निगम के विभिन्न वार्डों के लगभग 12 करोड रूपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है। इन विकास कार्यों के बाद शहर के वार्डों की सुंदरता व सुविधाएं बढ़ेगी और शहर अधिक सुंदर एवं विकसित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में बिना भेदभाव के विकास रूपी पहिया निरंतरता में जारी है। विकास का यह पहिया अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में तेजी से घूम रहा है। जिन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उदघाटन किया गया है उसके पूरा होने के बाद निसंदेह शहर विकास की दृष्टि से ओर सुंदर एवं विकसित बनेगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि शहरो की भांति गांवों में भी विकास कार्यों को निरंतरता में करवाते हुए वहां पर भी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।





अंबाला। लोगों को संबोधित करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग कर्णवीर कांबोज, कार्यकारी अभियंता नगर निगम सौरभ गोयल, भाजपा पदाधिकारी राजेश मेहता, मनीष आनंद मन्नी, अमन सूद,गुरविंदर सिंह, संजीव गोयल टोनी,गुरप्रीत शाना, यतिन बंसल,अजय चावला,चंद्रमोहन फौजी,अनिल गुप्ता,दिनेश लदाना,मोनिका मल,अर्चना छिब्बर,बीनू गर्ग,बरखा सहोता,रोमी ग्रोवर,सरदूल सिंह,पिंकू सूद,मुकेश शर्मा,योगेश साहनी,यशपाल भी मौजूद रहे।

#### इन विकास कार्यों का किया उद्घाटन

- राज्य सरकार के पास विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं

*पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि जिन विकास कार्यों का उदघाटन एवं शिलान्यास किया गया है उनमें 2 करोड़ 8 लाख रूपए की लागत से जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए जाने वाले ट्यूबलों का, 62 लाख 21 हजार 337 रूपए की लागत से विभिन्न वार्डों में एलईडी पोस्ट टॉप लैंप लगाए जाने का तथा 9 करोड़ 12 लाख 363 रूपए की लागत से विभिन्न वार्डों में 55 विकास परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास शामिल है। इन विकास कार्यों में गलियों का निर्माण कार्य, पानी निकासी के लिए पाईप लाईन बिछाने का, पार्को का सौंदर्यीकरण व रिपेयर से सम्बन्धित कार्य, नालों का निर्माण कार्य, चौपाल की चारदीवारी, गलियों की रिपेयर का कार्य, हर्बल पार्क के पास शौचालय निर्माण कार्य, पार्कों में स्थापित ओपन जिम के पास टाइल बिछाने का कार्य के साथ-साथ अन्य किए जाने वाले विकास कार्य शामिल हैं। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अंबाला से विशेष लगाव है। जब भी उनके समक्ष अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत जो भी विकास कार्य या परियोजनाएं उनके समक्ष रखी गई हैं उन्होंने सहज ही उन्हें स्वीकार करने का काम किया है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में नगर निगम के तहत लगभग 216 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न वार्डो में विकास कार्यो को करवाने का काम किया गया है। उन्होंने इस मौके पर संबधित विभाग के एक्सईन को कहा कि जिन विकास परियोजनाओं का आज उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है कि वह इन सभी परियोजनाओं के कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखे। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को कहा कि विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। गोयल ने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र के तहत आईएमटी आने से यहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही अंबाला विकास की दृष्टि से और मजबूत एवं विकसित बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला शहर में बरसाती पानी की निकासी की स्थाई समस्या के समाधान के लिए आईआईटी रुड़की द्वारा सात विभागों के सहयोग से रूपरेखा तैयार की रही है। जुलाई माह तक यह रूपरेखा तैयार हो जाएगी जिसके बाद इस कार्य के लिए जो भी परियोजना बनानी होगी और उसके लिए जितनी भी राशि की जरूरत होगी वह सररकार द्वारा उपलब्ध करवाने का काम किया जाएगा। उन्होने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि अंबाला शहर की जो यह सबसे पुरानी समस्या है उसका स्थाई समाधान हो ताकि लोगों को बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति का सामना ना करना पड़े।*

---



शहजादपुर। माता के मंदिर में मत्था टेकते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## गियासियां माता के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

- श्रद्धालुओं ने आटे की जीभ चढ़ाकर मांगी मन्नतें

सैंकडों वर्ष पुराने गियासियां माता मंदिर की अपनी अलग ही महिमा है। यहां पर चैत्र मास के नवरात्रों में अष्टमी के दिन दूर-दूर से श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं और मन्नतें पूरी होने पर माता की मन्नत चढ़ाकर का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यहां पर चैत्र मास की अष्टमी को मेला लगता है। वीरवार को काफी संख्यां में लोगों ने माथा टेका। स्थानीय लोगों के अनुसार माता के इस स्थान के बारे में कई तरह की मान्यताएं है कि जिस किसी का बच्चा ठीक से नहीं बोलता ,वह परिवार यहां आकर मन्नत मांगता है और मन्नत पूरी होने पर यहां जीभ के रूप में आटे से बनी जीभ चढ़ाते हैं। यही नहीं माता के इस पवित्र स्थान की एक अन्य मान्यता यह भी है कि जिन माताओं के बच्चे शुरू से ही सूकडा (सूखा रोग) से ग्रस्त होते हैं वे यहां मन्नत मांगते हैं। बच्चे के स्वस्थ होने पर यहां आकर आटे के पिन्ने के रूप में माता की मन्नत चढ़ाते हैं। इसके अलावा बच्चों के सूच्चे बाल भी यहां चढ़ाए जाते हैं। इस कस्बे का व्यक्ति चाहे वह देश के किसी भी कोने में बसता है वह अपने बढ़ते हुए वंश को साथ लेकर माता के दरबार में माथा टेकते है। अष्टमी के दिन लोग सुबह हल्वा-पुरी, गुलगुले माता के मन्दिर में यह सब चढ़ाकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### शिविर में 102 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** अकालगढ़ गांव में अशोक ठेकेदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और कुल 102 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। मौके पर 50 पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता नवीन सांगवान ने शिरकत की। कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से समय.समय पर रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है।

---

## गेटपास के प्वायइंट बढ़ाने की मांग को लेकर सीएम के नाम सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

अग्रवाल जनहित समिति संस्थापक चेयरमैन लाला रामनिवास करसिंधु द्वारा पुरानी मंडी, कपास मंडी एवं हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में सभी एंट्री प्वाइंट एवं गेट पास बनाने की सुविधा को लेकर सीएम के नाम मांग पत्र मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को सौंपा। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों ने बताया कि आने वाले गेहूं के सीजन में फसल के गेटपास बनवाने के लिए जो प्वायंट हैं, वो कम है। जिसके चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वाहनों की लंबी लाइने लगने से जाम की स्थिति पैदा होगी। किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर गेटपास प्वाइंटों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसानों को गेटपास कटवाने के लिए परेशानी न हो। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि ये मांग पत्र सीएम ऑफिस भेज दिया जाएगा। जो मांग है वो विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के भी संज्ञान में लाकर सीएमए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।



मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा को ज्ञापन सौंपते रामनिवास करसिंधु।

## निगम सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, पूर्व राज्यमंत्री के आश्वासन के बाद काम पर लौटे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शहर में कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे निगर निगम कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी हड़ताल समाप्त कर दी । पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी बात सुनी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने तुरंत अधिकारियों से भी बातचीत की। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को आश्वासन दिया।

असीम गोयल के आश्वासन के तुरंत बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। इस दौरान आमजन को संबोधित करते हुए असीम गोयल विरोधी दलों पर भी खूब बरसे। गोयल ने हड़ताल को बढ़ावा देने वाले विरोधी दलों के नेताओं को अप्रत्यक्ष रूप से कीटाणु करार देते हुए कहा कि कुछ लोग हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के बीच आकर सिर्फ उकसाने का काम कर रहे थे। ऐसे लोगों ने कभी इनकी बात को नहीं सुना बल्कि सिर्फ लड़ाई जारी रखने की बात ही कहते रहे। प्रदेश के अंदर ऐसा व्यक्ति मुख्य सेवक के रूप में है जो जमीन से उठकर ही मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की बात सुनने के बाद निगम कमिश्नर से भी बात की गई है। उन्होंने धरना खत्म करने पर कर्मचारियों का धन्यवाद भी किया। कहा कि अब कर्मचारी वापिस काम पर लौटकर सिर्फ शहर की गंदगी पर नहीं बल्कि उन कीटाणुओं और वायरस पर भी झाड़ू चलाएंगे जो हर मुद्दे पर सियासत करते हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है लेकिन विरोधियों को यह भी हजम नहीं हो रहा है। विपक्ष के पास बोलने के अलावा कुछ नहीं बचा। इस दौरान असीम गोयल ने आगामी निगम चुनाव को लेकर भी लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि विकास के लिए नायब सिंह सैनी की कलम बेहद मजबूत है।



अंबाला। निगम कर्मचारियों से बातचीत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### सीएम की कथनी-करनी में नहीं अंतर: अत्री

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन समाधान किया। विधायक ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की कार्यशैली, मिलनसार स्वभाव से प्रदेश का आमजन प्रभावित है। जो वायदे सीएम नायब सिंह सैनी ने किए थे उन वायदों को वो पूरा करने में लगे हुए है। कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वो जो कहते है वो करते है। कहा कि विकसित उचाना का जो सपना उचाना हलके के लोगों ने देखा था उसको पूरा करने में वो लगे है। सीएम की उचाना विकास रैली इस सपने को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस में जो आज हो रहा है वो सबके सामने है। प्रदेश की मतदाता इस बात को जान चुका है कि उनके हित भाजपा में सुरक्षित है। लगातार तीसरी बार प्रदेश की जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया है।

## बेटों ने पिता के साथ मां को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

न्यू कृष्णा कालोनी में दो बेटों ने अपने पिता के साथ मिल कर मां के हाथ व पांव बांध कर बुरी तरह पीटा। आरोपितों ने पीड़िता के मुंह में कपड़ा भी ठूस दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर दोनों बेटों तथा पति के खिलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एचकेआरएन के तहत नागरिक अस्पताल में वार्ड हैल्पर लगी हुई है। उसकी बडा बेटा दिव्यांश आर्मी में है। उसकी पत्नी पिछले तीन महीने से मायके गई हुई है। गत 23 मार्च को दिव्यांश घर छुट्टी आया था। दिव्यांश तथा उसके छोटे बेटे अमन ने उसके हाथ, पांव, बांध दिए और उसके पति कुलदीप ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद तीनों आरोपितों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और डायल 112 को सूचना दी। जिन्होंने छुडवा कर उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### संकीर्तन व भंडारे का आयोजन दो को

**जींद।** श्री हनुमत सेवा मंडल जींद द्वारा दो अप्रैल को सेठों वाली धर्मशाला में विशाल संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सुमित जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे हवन यज्ञ कार्यक्रम से होगी। इसके पश्चात सुबह 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम को सात बजे संकीर्तन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान अमृत रस धारा एवं छप्पन भोग जैसी विशेष धार्मिक व्यवस्था भी रहेगी जिससे श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो सकें। दरबार की सजावट विशेष रूप से आकर्षक बनाई जाएगी। जिसके लिए डेकोरेटर्स द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में आमंत्रित कलाकारों के रूप में चुलकाना धाम से भजन गायिका तमन्ना त्यागी और जींद से भजन गायक नरेश भजनी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबोएंगे।

---

## जिले के चारों केंद्रीय स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

### 2 अप्रैल तक मिलेगा दाखिले के लिए आवेदन का मौका

- केवीएस की ओर से जारी किया गया शैड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले में संचालित चारों केंद्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, 2, 3 और 4 में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश किए जाएंगे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, अंबाला छावनी के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने बताया कि बाल वाटिका-1, 3 एवं कक्षा 1 के लिए पंजीकरण 2 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। इन कक्षाओं की प्रथम चयन सूची 8 अप्रैल, द्वितीय सूची 16 अप्रैल तथा तृतीय सूची 21 अप्रैल 2026 (यदि सीटें रिक्त रहती हैं) को जारी की जाएगी। प्राचार्य के अनुसार कक्षा 2 से 9 तक (रिक्तियां होने पर ही) के लिए प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से संपन्न होगी। इसके लिए पंजीकरण 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक संबंधित विद्यालय में किया जा सकेगा। इन कक्षाओं की चयन सूची 13 अप्रैल को जारी होगी तथा प्रवेश 15 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक किए जाएंगे।

#### सीबीएसई कक्षा 10 के परिणाम घोषित होने के बाद शुरू होगी कक्षा 11 की प्रवेश प्रक्रिया

*पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के दाखिला प्रभारी खुशविंदर सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 31 मार्च 2026 के आधार पर की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में बाल वाटिका-III (यूकेजी) एवं कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन जबकि कक्षा 2 से 9 एवं कक्षा 11 के लिए ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश(रिक्तियां होने की स्थिति में)** किए जाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से समय पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि सभी सूचनाएं विद्यालय की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड तथा आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेंगी।*



प्राचार्य हरिंद्र लांबा।

### माता वैष्णो देवी मंदिर में हुई भजन संध्या 'आए नवरात्रे मैय्या दे'

## 'शेर पे सवार होके आ जा शेरांवालियें...' पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह के तत्वाधान में धार्मिक ग्रुप ₹भक्ति सागर₹ द्वारा सेक्टर 10 के माता वैष्णो देवी मंदिर में सांय भजन संध्या ₹आए नवरात्रे मैय्या दे₹ आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी मंदीप शर्मा ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के मार्गदर्शन में 11 गायकों ने बसंतीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में माँ दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्यालिकग्राम सहित पंडित मोहित नौटियाल और पंडित अजय सेमवाल ने

श्री सनातन सेवा सभा के प्रधान प्रभु दयाल गोयल,उपाध्यक्ष एनपी गुप्ता,केवल कृष्ण गर्ग,महासचिव हितेश बंसल,संयुक्त सचिव वेद प्रकाश कौशिक,डॉ. संजय गौतम और असीम अग्रवाल पदाधिकारियों से सर्वदेव पूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात मां की पावन जोत प्रज्वलित करके चुनरी रस्म की गई। इसके पश्चात गणेश स्तुति,सरस्वती एवं गुरु वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में गायक महंत अरुण शर्मा पुखराज ने 'मैं बालक तू माता शेरांवालिए' ... ,राजेश सभरवाल ने 'आई सिंह पे सवार मैय्या ओढ़े चुनरी'... डॉ.वीरेंद्र भनोट ने 'भक्तों को दर्शन दे गई रे,इक छोटी सी कन्या...,सुरेश कुमार ने 'आए नवरात्रे मैय्या दे'...,ललित वर्मा ने 'मेरी अंखियों के सामने ही रहना ओ शेरोंवाली जगदंबे'...,राजेश ज्योति ने 'मैय्या का चोला है रंगला'...,हार्दिक शर्मा ने 'शेर पे सवार होके आ जा शेरांवालिए'..., वैभव शर्मा ने 'धरती गगन में हो रही है तेरी जय जयकार ओ मैय्या'..., वंश भारद्वाज ने 'बिगड़ी मेरी बना दे मैय्या शेरांवालिए'...,पिंकी शर्मा ने 'मेरी झोली छोटी पड़ गई रे इतना दिया मेरी माता ने'... और सीमा शर्मा ने 'ले के पूजा की थाली ज्योति मन की जगा ली'...इत्यादि भजनों की प्रस्तुतियां दी।

महिला संकीर्तन मंडली द्वारा दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। मंच का संचालन डॉ.संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात मां दुर्गा को मिष्ठान्न और फलों का भोग लगाया गया। पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंजा। मंदिर कमेटी द्वारा गायकों को मां दुर्गा का स्वरूप,नारियल और चुनरी भेंट की गई। दुर्गा आरती में हिमांशु शर्मा,लवली शर्मा,महक सैनी, सिया,सुनीता,सुधा,शशी गोयल, ऋतु शर्मा और निशा सहित अन्य शामिल रहे।





अंबाला। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते भजन गायक। फोटो : हरिभूमि